तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

06 पिछड़ा वर्ग के हित और विकास को लेकर...



06 धनतेरस से 5 दिवसीय पर्व पर ग्रामीण अंचलों में ...



## खबर संक्षेप

### स्वयं की लापरवाही से चालक की मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 34 के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने से बाइक चालक



की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 9 अक्टूबर की सुबह 10 बजें मृतक सुरेन्द्र सरकार अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 यू 5876 में सवार होकर बड़गांव गया था। शाम करीबन 7 बजें बड़गांव से अपने घर मोटर सायकल में अकेला घर आते समय पीव्ही 34 प्रेमनगर के पास तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल चलाते हुए मेन रोड में मोटर सायकल सहित स्वयं गिरने से चोट आई थी और चिकित्सकों ने परिक्षण कर मौत होने की पुष्टी किया। विवेचना के अनुसार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर की शराबखोरी, दो पकड़ाए

**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि हाई स्कूल नरहरपुर के सामने सार्वजनिक स्थान पर कुछ व्यक्ति शराब पी रहे है। पुलिस ने 16



अक्टूबर की रात 9 बजें घेराबंदी किया। पुलिस को आता देख शराब पी रहे कुछ व्यक्ति भाग गए। मौके पर कुरालठेमली निवासी 35 वर्षीय राकेश कुमार सलाम पिता देवलराम सलाम और कांकेर थानांतर्गत ग्राम बेवरती निवासी 28 वर्षीय दानवीर करण साहू पिता किशन साहू को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग डिस्पोजल गिलास, 1 नग पानी बाटल व शराब की शीशी को जप्त कर धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शिक्षक को पदोन्नति पर दी गई विदाई



**कांकेर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी व्याख्यता के पदोन्नति होने से अन्य स्कूल में स्थानांतरण होने पर विदाई कार्यक्रम रखा गया। कौशल मंडावी के व्याख्याता पद पर पदोन्नति होने के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी में ससम्मान एवं विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच मनोज कवाची, उपसरपंच श्रवण टेकाम, पन्नालाल कवाची, लीलावती नाग, करुणा नेताम, राहुल देवांगन, सुरेश कोसरिया, सुशीला दुग्गे, तनुजा नेताम व अन्य उपस्थित रहें।

### भाईदूज पर स्थानीय अवकाश घोषित

**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा 21 अक्टूबर मंगलवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप जिला प्रशासन द्वारा उक्त दिवस के घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तन करते हुए उसके स्थान पर अब 23 अक्टूबर गुरूवार को भाईदूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालय पर लागू नहीं होगा।

### पंखे पर फांसी लगा युवक ने दी जान

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत 45 वर्षीय पुनीत कोर्राम ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भाटापारा चारामा निवासी गुलशन कोर्राम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 16 अक्टूबर को अपने कमरा में लगे पंखा से लटकर आत्महत्या कर लिया।

## पर्व : धनतेरस व दीपावली पर कांकेर का बाजार सजकर तैयार

# धनतेरस पर ब्रम्हा योग में बरसेगी माँ लक्ष्मी की कृपा, त्रिकोण योग का बन रहा संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि यानी धनतेरस का पर्व इस बार कुछ विशेष है। वर्ष 2025 का धनतेरस केवल धन-संपत्ति की पूजा का दिन नहीं, बल्कि एक अद्भुत ज्योतिषीय महासंयोग लेकर आ रहा है। लगभग 150 वर्षों बाद बन रहा ब्रह्म योग मां लक्ष्मी की विशेष कृपा का प्रतीक माना जा रहा है। इस शुभ योग में खरीदी गई वस्तुएँ दीर्घकालिक समृद्धि और वृद्धि का प्रतीक होंगी।

- धनतेरस पर सुबह 10 बजे से पूजा का योग, दिनभर रहेगा मुहूर्त

धनतेरस का त्योहार आज 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन मां लक्ष्मी, कुबेर देवता और भगवान धन्वंतरि का पूजन किया जाता है, इसीलिए धनतेरस को धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। पंचांग के अनुसार, धनतेरस इस बार बहुत ही खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन गुरु मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। कर्क देवगुरु बृहस्पति की उच्च राशि राशि है। ज्योतिषियों के अनुसार देवगुरु बृहस्पति पूरे 12 साल कर्क राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे केंद्र त्रिकोण योग का निर्माण होगा। धनतेरस हिंदू धर्म में एक अत्यंत पावन और शुभ पर्व माना जाता है, यह पर्व दीपावली के पंचदिवसीय उत्सव की शुरुआत का प्रतीक होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे।

### धन्वंतरि जयंती है स्वास्थ्य का प्रतीक

धनतेरस को धन्वंतरि जयंती भी कहा जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए इस दिन आयुर्वेद और स्वास्थ्य की पूजा का विशेष महत्व है। आयुर्वेदाचार्य डॉ. अरविंद मिश्रा का कहना है कि धनतेरस पर केवल धन ही नहीं, बल्कि आरोग्य की भी कामना करनी चाहिए। धन और स्वास्थ्य दोनों का संतुलन ही सच्ची समृद्धि है।



### शुभ मुहूर्त पर खरीदारी का भाव

*ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार का ब्रह्म योग इतना दुर्लभ है कि एक क्षण की भी खरीदी शुभ फल दे सकती है। ज्योतिषों की माने धनतेरस 2025 का यह योग केवल व्यापारियों के लिए नहीं, बल्कि हर गृहस्थ के लिए वरदान है। यदि कोई व्यक्ति मात्र एक दीपक या तांबे का सिक्का भी खरीदता है, तो लक्ष्मी उसकी झोली अवश्य भरेंगी।*

### धनतेरस 2025 का शुभ समय और ग्रह स्थिति

धनतेरस इस वर्ष 20 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को मनाई जाएगी। इस दिन ग्रहों की स्थिति अत्यंत अनुकूल रहेगी। त्रयोदशी तिथि 20 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर शुरू होगी और समय 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजकर 55 मिनट पर खत्म होगी। पूजन का शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 04 मिनट से शुरू होकर रात 9 बजकर15 मिनट तक कर सकते है। बृहस्पति वृषभ राशि में, चंद्रमा धनु में और शुक्र तुला राशि में स्थित रहेंगे। इस अवसर पर ब्रह्म योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, धन योग और रवि-गुरु योग का संगम रहेगा।

### खरीदारी का है विशेष महत्व

धनतेरस के दिन सोना चांदी के साथ बर्तन खरीदारी का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन सोना-चांदी से बने आभूषण खरीदना बेहद शुभ होता है। धनतेरस के दिन लक्ष्मी चरण को घ्झर लाना लाभकारी माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन खड़ा धनिया खरीदना शुभ माना जाता है। इसे घर लाने के बाद धन की देवी माँ लक्ष्मी और कुबेर देवता के चरणों में अर्पित करना चाहिए। मत्सय पुराण के अनुसार धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने से घर में बरकत होती है। धनतेरस के दिन माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्ति खरीदना बेहद शुभ होता है। इससे परिवार में सुख समृद्धि का वास बना रहता है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण, लिए सैंपल

**कांकेर।** दीपावली त्यौहार के मद्देनज़र कलेक्टर के आदेशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं त्यौहार के अवसर पर मानव



उपभोग हेतु स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों के निर्माण के निर्देश दिए गए। जिले के प्रतिष्ठानों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वच्छ परिवेश में मिठाई एवं नमकीन तैयार करने हेतु हिदायत दी गई। इस दौरान विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों से कुल 09 मिठाई एवं नमकीन के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए हैं। तीन प्रतिष्ठानों को अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अब तक जिले के समस्त ब्लॉकों से कुल 30 खाद्य नमूने प्रयोगशाला जांच हेतु प्रेषित किए जा चुके हैं। वहीं, चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं एवं किराना दुकानों से 128 खाद्य नमूने लिए गए। मौके पर प्रारंभिक जांच में अमानक पाए गए खाद्य पदार्थों को नष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान मिठाइयों की पैकिंग में अखबारी कागज का उपयोग करते पाए जाने पर तत्काल उसे नष्ट करवाया गया एवं भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आमजन से अपील की है कि दीपावली पर्व पर मिठाइयाँ खरीदते समय रंग युक्त मिठाइयों से बचें एवं पैक्ड खाद्य सामग्री की मैन्युफैक्चरिंग एवं एक्सपायरी डेट अवश्य जांचें। संपूर्ण कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुस्मित देवांगन, भारत भूषण पटेल एवं खाद्य निरीक्षक उमेश सिन्हा की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

## जनकपुर प्राशा के शिक्षकों पर शराब पीकर आने का आरोप बच्चों व ग्रामीणों ने लगाया

**पखांजुर।** कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जनकपुर पीव्ही 78 प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक अनूप कुमार केमरो पर विद्यालय में रोजाना शराब पीकर आने का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों और स्कूल के छात्रों ने सामूहिक रूप से यह आरोप लगाते हुए शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्कूल का शिक्षक प्रतिदिन शराब के नशे में स्कूल आते हैं, जिससे पठन-पाठन का माहौल प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण मनोज हालदार, शिमुल कविराज, महेश बिश्वास, सुखदेव मंडल, बिस्वजीत बिस्वास, सुनील मल्लिक, किंकर तरफदार, संतोष मंडल, केशव मंडल, काली किंकर वाला, और शिबू मंडल ने इस संबंध में शिकायत किया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने भी ग्रामीणों के आरोपों का समर्थन किया है। छात्रों ने बताया कि शिक्षक रोजाना शराब पीकर स्कूल आते हैं। ग्रामीणों ने इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई किया मांग किया है। उनका कहना है कि प्राथमिक स्तर के बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों का ऐसा आचरण बेहद शर्मनाक है और इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। शिक्षा विभाग से मांग किया है कि मामले की तुरंत जांच की जाए और



दोषी पाए जाने पर शिक्षकों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि स्कूल में बच्चों की पढ़ाई ठीक से हो सके।

**शिक्षक ने कबूला पीता हूँ शराब-** विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अनूप कुमार केमरो से ग्रामीणों और बच्चों के द्वारा लगाए गए आरोप पर शिक्षक ने कहा कि मैं बांदे में शनिवार को बाजार लगता है और उसी दिन शाम को शराब पीता हूँ और मंगलवार को भी शराब पीता हूँ। स्कूल के बच्चों ने शिक्षक के सामने बताया कि अनूप कुमार केमरो शुक्रवार और शनिवार को शराब पीकर आते है, वहीं दूसरे गुरूजी रोज शराब पीकर आते है।

**जाँच करके कार्रवाई की जाएगी-** इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा देव कुमार शील से बात करने पर उन्होंने बताया, क्षेत्र के शिक्षा व्यवस्था के लिए बहुत ही निंदनीय घटना है। बड़े मुश्किलों के बाद एक शिक्षक ब्लॉक में आते है, उसमें भी यदि शिक्षक द्वारा इस प्रकार का कृत्य किया गया है, तो यह दंडनीय अपराध है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## श्रमिक युवक से की मारपीट शिकायत पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शिवनगर का युवक रोजी मजदुरी करके शाम को अपने घर की ओर लौट रहा था। उसी दौरान मोहल्ले के अन्य व्यक्ति ने पीड़ित युवक के साथ मारपीट कर दिया। आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया।



थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे शिवनगर कांकेर निवासी 24 वर्षीय दौलत साहू पिता रमेश साहू ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदुरी का काम करता हूं औरी 16 अक्टूबर को मजदुरी करके अपने घर आ रहा था। मेरे घर के सामने गली में शाम लगभग 8 बजें शिवनगर कांकेर निवासी नीरज मंडावी पिता राजेश मंडावी गाली देने लगा। तब मै बोला कि क्यो मुझे बेवजह गाली दे रहा है, ऐसा बोलने पर नीरज मंडावी कहने लगा कि तू कौन होता है, तुझे जान से मार दुंगा बोलकर हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मुझे मुंह में चोट आया है। आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया है। मारपीट से आई चोट से दर्द हो रहा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नीरज मंडावी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## बारिश में खड़ी फसल और उम्मीदें पानी में डूबी, किसानों छायी हताशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



क्षेत्र में धान की खरीफ फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन लगातार हुए बारिश से खेतों में पानी के जमा होने से हजारों किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। इस मौसमी विपदा ने न केवल फसल की कटाई, बल्कि ढुलाई, मिंझाई और भंडारण जैसे महत्वपूर्ण चरणों को भी गंभीर संकट में डाल दिया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

खेतों में कीचड़ और पानी जमा होने के कारण हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों का खेतों में प्रवेश करना लगभग असंभव हो गया है। भीगे और कीचड़ भरे खेतों में मजदूरों का काम करना मुश्किल होता है, जिससे मजदूरों की उपलब्धता और लागत दोनों प्रभावित होगी। लगातार बारिश और नमी के कारण पके हुए धान के दाने पौधों से झड़ने लगते हैं और कही -कही दाने भी नही आते जिससे उपज में सीधा नुकसान होता है। गाँवों तक जाने वाले कच्चे रास्ते पानी और कीचड़ से भर गए हैं, जिससे कटी हुई फसल को मंडी या घर तक पहुँचाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। गीली फसल की मिंझाई करना तकनीकी रूप से समस्याग्रस्त है। गीला धान थ्रेशर में चिपकता है और ठीक से अलग नहीं हो पाता। पारंपरिक तरीके भी बारिश के कारण प्रभावित हो रहे है। यदि कटाई के बाद धान को सुखाने के लिए पर्याप्त धूप नहीं मिलती तो दानों में अंकुरण शुरू हो सकता है, जिससे फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाती है। नमी और उच्च आर्द्रता के कारण धान में फफूंद लगने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे उसकी गुणवत्ता और बाजार भाव दोनों गिर जाते हैं। कुछ फफूंद ऐसी जहरीले पदार्थ भी पैदा कर सकती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। गीले धान को लंबे समय तक भंडारित करना संभव नहीं है। ऐसे में बिना सूखे भंडारण करने पर सड़न का खतरा पैदा हो जाता है। किसान मंगल सिंग ने कहा साल भर मेहनत करके फसल तैयार की, लेकिन अब आँखों के सामने फसल पानी में खड़ी है। कटाई कैसे करें? अगर काट भी लिया तो सुखाएँ कहाँ? बारिश थमने का नाम ही नहीं ले रही। लगता है इस बार सब धरा का धरा रह जाएगा।

### पॉलीटेक्निक में रस्साकसी खेल का हुआ आयोजन



**कांकेर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई के द्वारा आज राज्य स्तरीय एकीकृत क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत शासकीय पॉलिटेक्निक को रस्साकसी खेल के आयोजन की जिम्मेदारी मिली। आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग ने प्रथम एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं महिला वर्ग में शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर ने प्रथम एवं शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार संपन्न प्रतिस्पर्धा से अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने आयोजन समिति को बधाई दी। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी, पर्यवेक्षक, रैफरी सहित संस्था के सभी तकनीकी स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कोदापाखा औषधालय में मिला बीएसएफ जवानों को वनौषधि एवं योग का प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा बीएसएफ 178 वीं बटालियन सीओबी कोदापाखा के अधिकारियों एवं जवानों के लिए वनौषधि, घरेलू उपचार और योग पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसएफ कोदापाखा के इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार द्वारा भगवान धन्वंतरि की कांस्य प्रतिमा के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर औषधालय के प्रभारी डॉ. केव्ही गोपाल ने फ्लेक्स, पोस्टर और औषधीय पौधों के प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से घरेलू उपचार में उपयोगी वनौषधियों की जानकारी दी। पौधों के गुणधर्म, औषधीय उपयोग और उनके सेवन की विधि विस्तार से बताई। प्रशिक्षण के दौरान बीएसएफ जवानों को हमर सुघ्घर औषधि उद्यान एवं ऑक्सीजन जोन का भ्रमण कराया गया। वहाँ स्थानीय वनों में प्रचुर मात्रा में मिलने वाले औषधीय पाताल कुम्हण, सफेद मूसली, काली मूसली, शतावरी, बोहार, चिरायता, बेल, अर्जुन, जंगली कोचई, जंगली प्याज, कांचनार, निर्गुंडी की पहचान कराई गई और उनके औषधीय महत्व से अवगत कराया गया।

इंस्पेक्टर ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के दुष्प्रभाव से बचने के लिए आयुर्वेदिक आहार-विहार अपनाना आवश्यक है। औषधालय द्वारा संचालित स्वास्थ्य-जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की और भविष्य में भी बीएसएफ की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। योग शिक्षक शिवप्रसाद बघेल ने जवानों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी।

## जैव उर्वरक और कीटनाशक छिड़काव प्रक्रिया का प्रदर्शन

# धान फसल के लिए ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन, किसान उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती को अपनी स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कृषि के क्षेत्र में नवाचार की दृष्टि से आधुनिक तकनीक से खेती को सरल, सुरक्षित और लाभकारी बनाने की दिशा में कृषि विभाग के द्वारा ग्राम रानीडोंगरी में धान की फसल में कृषि ड्रोन तकनीक का सफल प्रदर्शन किया गया।

- ड्रोन तकनीक से खेती के कार्य होंगे अधिक आसान और समयबद्ध निपटेंगे काम

कार्यक्रम के दौरान किसानों को ड्रोन द्वारा फसलो में तरल जैव उर्वरक कीटनाशक खरपतवारनाशक रोगनाशक छिड़काव की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कराया गया तथा इसके संचालन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन तकनीक से कम समय,कम लागत और कम श्रम में अधिक क्षेत्र में छिड़काव संभव है। इससे किसानों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। प्रशिक्षण सह ड्रोन प्रदर्शन कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि जितेंद्र सिंह कोमरा ने कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उपसंचालक ने कहा आधुनिक खेती के युग मे ड्रोन तकनीक से खेती लाभदायक है कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महात्मा तरेता ने किसानो को संबोधित करते हुए कहा खेती में ड्रोन तकनीक आज के समय की मांग है। किसान भाई फसलो में तरल जैव उर्वरक नैनो यूरिया नैनो डीएपी एवं फसलो में लगने वाले किट बीमारी निंदानाशक रसायनो का छिड़काव के लिए ड्रोन से स्प्रेयर भविष्य की खेती के लिए अच्छा विकल्प साबित होगा। इस अवसर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कुलदीप साहू, किरण भंडारी, प्रवीण कवाची, अमित चौधरी, धनंजय साहू, राकेश शोरी, ऋषभ साहू, राधेलाल देवांगन, अमृता मरकाम, ओमप्रकाश सेवता ने किसानों को प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।



रानीडोंगरी के किसानों ने इस नवाचारपूर्ण तकनीक में विशेष रुचि दिखाई और सक्रिय रूप से प्रशिक्षण और ड्रोन से दवा छिड़काव प्रदर्शन में भाग लिया। किसानों ने कहा कि ड्रोन तकनीक से खेती के कार्य अधिक आसान और समयबद्ध होंगे। ड्रोन प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान सरपंच शशि उइके, ग्राम पटेल रोयदु राम उइके समेत बड़ी संख्या में किसानो की उपस्थिति रही।


धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
अलंकार
ज्वेलर्स
चांदी के मछली व हाथी
एवं चांदी का सिक्का उपलब्ध है
पुराना कम्प्युनिटी हॉल, काली मंदिर के सामने, कांकेर
मो. 8103966900, 9399654290

धनतेरस एवं दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...







M.S. मोटर्स



सभी प्रकार की नई एवं पुरानी गाड़ियों की खरीदी-बिक्री की जाती है एवं गाड़ियों का बीमा किया जाता है।



प्रो. मोनू साहू
9406026726

टू व्हीलर वाहनों के विक्रेता

पारस साहू
7587498989

माकड़ी हॉस्टल के पास, रायपुर रोड, कांकेर-494334 (छ.ग.)

M.S. मोटर्स



POWERTRAC
ESCORTS

पावरट्रेक ट्रेक्टर्स
अधिकृत विक्रेता : कांकेर

प्रो. ऋषभ साहू
9098814848

मोनू साहू - 9406026726

पीजी कॉलेज के पास, रायपुर रोड, कांकेर - 494334 (छ.ग.)

SJ Jewellery

नारी करे जब संचेती ज्वेलर्स के गहनों का श्रृंगार,
तो उस घर में होती है, शांति और उन्नति अपार...

विश्वास का प्रतीक...


संचेती ज्वेलर्स

सोने एवं चांदी के आभूषणों के क्रेता विक्रेता
(हल्बा वालों की दुकान)

धनतेरस एवं दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...





- 100% वापसी के लिए हॉलमार्क ज्वेलरी।
- डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई पेमेंट सुविधा।
- स्वर्ण संचय योजना में अतिरिक्त लाभ।


जैसी शुद्धता वैसा दाम | पूर्ण पारदर्शिता | कस्टमर फ्रेंडली बाय बैक पॉलिसी | 916 Hallmark Jewellery | IGI | स्टोन्स, मोती व कुंदन का सही रेट

** नियम व शर्तें लागू

संचेती ज्वेलर्स

सोने एवं चांदी के आभूषणों के क्रेता विक्रेता (हल्बा वाले)

सिनेमा चौक, कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर, कांकेर मो. 9424289097, 7470489097


STATUSS
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
धनतेरस की खुशियों का शुभ आरंभ
STATUSS
से
Trendy ethnic & Festive wear sirf
STATUSS
me
दिवाली के रंग अब फैशन के संग
STATUSS
मेन्स और वुमन्स के लिए
खास फैस्टिवल कलेक्शन लेकर आया है
इस दिवाली अपने स्टाइल में एक नया जोश भरिए
Main Road, Kanker
81095-74000, 96919-74000

।। पितृ कृपा ।।
श्री बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
नए-नए डिजायन मजबूत लेकिन किफायती दर पर टाईल्स एवं मार्बल प्राप्त करने का एक मात्र स्थान
रायपुर रेट में उपलब्ध
सभी प्रकार के ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स, कोटा स्टोन, फर्शी पत्थर, तुलसी चौरा एवं मंदिर के विक्रेता


## खबर संक्षेप

### लोनिवि के अभियंता को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम चिहरो निवासी एवं लोक निर्माण विभाग दंतेवाड़ा में पदस्थ रहें अभियंता स्व. सियाराम दुग्गा के निधन पर ग्राम चिहरो में शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर, पूर्व भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष नरोत्तम चौहान, पूर्व युवा मोर्चा मंडल भानुप्रतापपुर अध्यक्ष सचिन दुबे, भाजपा मंडल दुर्गूकोदल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन, कगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गूकोदल जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय पटेल तथा छत्तीसगढ़ समाचार के पत्रकार दीपक पुड़ो उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम : पिछड़ा वर्ग समाज के स्थापना दिवस समारोह में सीएम, पीडब्ल्यूडी एवं वित्त मंत्री हुए सम्मिलित**

# पिछड़ा वर्ग के हित और विकास को लेकर हमारी सरकार है चिंतित : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 17 अक्टूबर को कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में आयोजित सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के 13 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 90 करोड़ रुपए के 26 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के प्रत्येक विकासखंड में 50-50 लाख रुपए की लागत से एक-एक सामुदायिक भवन का निर्माण तथा पोस्ट मेट्रिक छात्रावासों में ओबीसी विद्यार्थियों की सीटों में वृद्धि करने की घोषणा किया। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल हुए।

भानुप्रतापपुर के हायर सेकंडरी स्कूल मैदान में आयोजित सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग के विकास और हितों को लेकर चिंतित है। पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार भी दिया गया है, इसके लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रदेश ही नहीं, देश के लिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि बस्तर के विकास में सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शासन की रीति-नीति से प्रभावित होकर जगदलपुर में आज 210 भटके हुए लोग मुख्यधारा में शामिल हुए, उन्होंने इस दौरान 153 हथियार भी डाले। श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूर्ण करने प्रदेश सरकार पिछले 22 महीनों में शिद्दत से प्रयास कर रही है। वायदे के अनुसार सरकार ने तेंदूपत्ता खरीदी की कीमत में वृद्धि की, 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदा, रामलला दर्शन योजना लागू की, मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना को पुनः लागू किया। इसके अलावा और भी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के उपस्थितजनों को 13वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शासन की योजनाओं से जुड़ने की अपील भी की। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सामाजिकजनों को बधाई देते हुए समाज में अपनी भूमिका सशक्त करने का आह्वान किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को मेहनतकश बताते हुए आने वाली पीढ़ी को बेहतर ढंग से शिक्षित करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने जिले में संचालित मावा मोदोल कोचिंग संस्थान की सराहना करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए अनुकूल बनाने की बात कही।






### अधिकारियों में यह रहे उपस्थित

*डीआईजी कांकेर अमित तुकाराम कांबले, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, एसएसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला, अंतागढ़ एडीएम एएस पैकरा, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले, एसडीओपी शेर बहादुर सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### 90 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन एवं शिलान्यास

मुख्यमंत्री श्री साय ने सर्व पिछड़ा वर्ग सम्मेलन के दौरान आज कुल 90 करोड़ 06 लाख 88 रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 56 करोड़ 51 लाख 40 हजार रुपए की लागत से 14 विकास कार्य का शिलान्यास तथा 33 करोड़ 55 लाख 48 हजार रुपए के 12 निर्माण कार्यों का लोकार्पण सम्मिलित है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने ओबीसी वर्ग के तीन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

### जनप्रतिनिधियों में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक सावित्री मंडावी, विधायक आशाराम नेताम, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, प्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, नपं भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, देवलाल दुग्गा सहित पिछड़ा वर्ग समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, उपाध्यक्ष अरविंद जैन, नीलकंठ शार्दूल, मनीष योगी, गोलू गजेन्द्र, हरीश चक्रधारी, राजीव श्रीवास, फूलचंद दीवान, चंदन साहू, रमेश प्रधान, रितेश पटेल सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में अरौद के छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**चारामा।** विकासखंड चारामा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में संकुल अरौद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संकुल और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। संकुल प्राचार्य श्री हरिश्चंद्र पोटाई, संकुल समन्वयक एल. आर. जैन तथा विज्ञान शिक्षक श्री हरिश्चंद्र कांगे और श्री सुरेंद्र दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में संकुल अरौद के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में विज्ञान की रचनात्मक भूमिका को सार्थक रूप से प्रस्तुत किया। बाल वैज्ञानिक विनय वैद्य एवं विवेक जैन ने उभरती प्रौद्योगिकी विषय पर उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित हुए। इसी



क्रम में सतत कृषि विषय में शामावि टहकापार के छात्र भूषण मंडावी ने द्वितीय स्थान और ग्रीन एनर्जी विषय में शाउमवि अरौद की छात्रा गोपिका सिन्हा तृतीय स्थान पर रहते हुए संस्था एवं संकुल का गौरव बढ़ाया। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था के शिक्षकगण जनक ठाकुर, मेरी ऊषा लकड़ा, योगेश कुमार, धनीराम सिंहा, कुलेश्वर रात्रे, ईश्वर जूरी, रोशनी राठौर, लीना राजपूत, उदिता भोयर, जमुना यूके, बिकेश्वरी पोया, पूजा साहू तथा विद्यालय के बाल कैबिनेट सदस्य चंचल, डिम्पल, टिकेश्वर, रेशमी आदि का योगदान रहा।

## पालक-बालक सम्मेलन में शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए किया प्रेरित

**बासनवाही।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बासनवाही में 17 अक्टूबर को पालक-बालक सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा, अभिभावकों की भूमिका के प्रति जागरूकता एवं विद्यार्थियों को अधिक मेहनत कर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था।

सम्मेलन की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य देवकरण भास्कर ने किया। शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। केवल परीक्षा पास करना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि विषयों की गहराई से समझ, नियमित अध्ययन एवं अनुशासित दिनचर्या से ही छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। छात्रों को सुझाव दिया गया कि वे सोशल मीडिया एवं अन्य व्यर्थ गतिविधियों से दूरी बनाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। समय का प्रबंधन, सतत अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ किया गया अध्ययन उन्हें अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में सफलता दिला सकता है। सम्मेलन में पालकों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी



दिखाई। पालक संघ के अध्यक्ष भुवन भारती ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित करते हैं, जिससे छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिलता है। पालक संदीप द्विवेदी ने विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। पालक बालक सम्मेलन में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नकुल निषाद, लोकनाथ साहू पुनितदास वैष्णव मनराखन नेताम सहित संस्था के शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया था। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा ही समाज की रीढ़ है और इसमें अभिभावकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों की पढ़ाई में सतत रुचि लें और समय-समय पर विद्यालय से संपर्क बनाए रखें।

## छग टीचर्स एसोसिएशन ने सीएम को सौंपा पेंशन व क्रमोन्नति संबंधी ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कांकेर ने पिछड़ा वर्ग के 13 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी, जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला, जिला सचिव संतोष जायसवाल, मीडिया प्रभारी कृष्णेंदु आइच ने मांगो के संबंध में बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा को अनिवार्य किया गया है, इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था। पेंशन निर्धारण के लिए सेवा अवधि की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, अतः पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जाए। भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 16 सितंबर 2009 को तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 अक्टूबर 2010 को आदेश जारी कर 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया गया है, सेवानिवृत होने पर छत्तीसगढ़ में 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का नियम है। इस दौरान जिला पदाधिकारी निरंकार श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम सोनवंशी, विकासखण्ड अध्यक्ष भोला प्रसाद ठाकुर, गोरखनाथ ध्रुव, बोधन साहू, दशरथ उइके, राजेश शर्मा, किशोर विश्वकर्मा, राममनोरथ राय, पतिराम कुमेटी उपस्थित रहे।

## धनतेरस से 5 दिवसीय पर्व पर ग्रामीण अंचलों में मचेगी धूम, बाजारों में रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दीपावली का पर्व दुर्गुकोंदल अंचल में अपने अनूठे अंदाज में आरंभ हो गया है, जहां आदिवासी परंपराएँ और आधुनिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। धनतेरस से शुरू हुए इस पाँच दिवसीय महापर्व में आदिवासी समुदाय ग्राम देवताओं की पूजा, नई फसल के उत्सव और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दीपों की दियारी मना रहे हैं।

धनतेरस के पूर्व दुर्गुकोंदल के साप्ताहिक हाट-बाजारों में मिट्टी के दिये, कलश, हंडी, ग्रीन पटाखे व अन्य सजावटी वस्तुओं की खरीदारी के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं, बच्चे, युवक और बुजुर्ग उत्साह के साथ दुकानों में खरीदारी करते नजर आए। मिट्टी हंडी, क्लश एवं दीये 200 रुपएं प्रति सैकड़ा तक बिक रहे हैं। किसानों की समृद्धि और ग्राम देवताओं का आशीर्वाद इस पर्व का मूल भाव है। यहाँ धनतेरस को दियारी के नाम से जाना जाता है, जब हर परिवार नए बर्तनों की खरीदारी और कृषि उपकरणों की पूजा करता है। बस्तर और सरगुजा अंचल में इस दिन आदिवासी महिलाएं गुदरी बिहाव के अवसर पर नए मिट्टी के बर्तन खरीदने की परंपरा निभाती हैं। इस वर्ष धान की बेहतर पैदावार से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, और बाजारों में खरीदारी की रौनक बढ़ गई है।दीपावली के दिन पूरे अंचल में



मिट्टी के दीये जलाकर माटी पूजा की जाती है। कुछ गांवों में भीतल विसर्जन की परंपरा निभाई जाती है, जिसमें बुराइयों के प्रतीक लकड़ी को जलाकर समाज में शुद्धता का संदेश दिया जाता है। घरों को काकर माटी यानी कंकर मिट्टी से लीपा जाता है। बस्तर क्षेत्र में यह पर्व देवारी के नाम से प्रसिद्ध है, जहाँ ग्राम देवी मावली माता की विशेष पूजा की जाती है।

गोवर्धन पूजा के दिन आदिवासी देवगुरी बनाकर नई फसल का प्रसाद अर्पित करते हैं। सरगुजा में यह पर्व हथिया के नाम से जाना जाता है, जिसमें नई फसल के चावल से बना फरा विशेष व्यंजन के रूप में तैयार किया जाता है। भाईदूज के अवसर पर आदिवासी बहनें अपने भाइयों को कोदो-कुटकी की खीर खिलाकर सिन्दूर तिलक करती हैं और लंबी आयु की कामना करती हैं। साप्ताहिक हाट-बाजारों में हस्तशिल्प, दियारी और पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री से स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी नई ऊर्जा आई है। दीपावली अब केवल रोशनी का त्योहार नहीं रहा, बल्कि यह दुर्गुकोंदल अंचल में आदिवासी संस्कृति, कृषि समृद्धि और सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक बन गया है।

### राज्यस्तरीय खेल के लिए छात्र विनोद का चयन



चरामा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिलेझर में कक्षा 12 वीं का छात्र विनोद कुमार कोला पिता भारत रामकोला ने कोरबा में राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में 50 मीटर 100 मीटर फ्री स्टाईल तैराकी तृतीय स्थान तथा रिलेरेस में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया जिसके लिए उनको ब्रांज मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।


online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, पेंड्रिया से लेकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चटर्जी हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. 7000627909, 07722296001
Start the Month with savings
40% OFF ON ALL TEST ON 1st OF EVERY MONTH
डॉ. सुधीर चटर्जी MBBS, MD (Medicine) CCEBDM (Diabetes)
आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध
डॉ. कृतिका चटर्जी MBBS, MD (Pathology)
सुविधाएं
कमर दर्द / हाथ पैर दर्द का इलाज
हृदय रोग संबंधित बीमारियों का इलाज
डॉयलिसिस सुविधा
24 HOUR SERVICE
Cardio Diabetic Center
लकवा एवं मिर्गी का इलाज
खून एवं पेशाब जांच की सुविधा
ओपीडी का समय : प्रातः 11 से 5 बजे तक

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण इलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
बोटाक्स-फिलर
थ्रेड लिफ्ट
स्किन पॉलिशिंग
लेज़र फेशियल
कॉल: 9827143060/8871003060

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130